ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 16-09-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-09-16 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-09-17	2022-09-18	2022-09-19	2022-09-20	2022-09-21
वर्षा (मिमी)	35.0	10.0	10.0	5.0	2.0
अधिकतम तापमान(से.)	17.0	18.0	19.0	19.0	20.0
न्यूनतम तापमान(से.)	13.0	13.0	13.0	13.0	14.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	90	90	90	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	70	65	65	60
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	130	130	140	140
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	4	6	6	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

16 से 20 सितम्बर के दौरान, आज 16 सितम्बर को मध्यम वर्षा तथा शेष दिन बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा हो सकती है।अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 17.0 से 20.0 व 13.0 से 14.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/ घंटे की गति से दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः 16 सितंबर में कहीं-कहीं (लगभग 25प्रतिशत क्षेत्र में) भारी से बहुत भारी वर्षा होने तथा 16 व 17 सितम्बर को कहीं-कहीं गरज के साथआकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 21 से 27 सितम्बर के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए, किसान भाई अभी फसलों में सिंचाई को स्थगित कर दें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।

लघु संदेश सलाहकार:

16 से 20 सितम्बर के दौरान, आज 16 सितम्बर को मध्यम वर्षा तथा शेष दिन बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा हो सकती है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	धान की फसल में रूट नॉट निमाटोड (जड़ गॉठ कृमि) देखा जा रहा है। इसके उपाय हेतु जड़ो को 1 मिली वेलम/ लीटर की दर से ड्रेंचिंग करें। इसका प्रयोग साल में केवल एक बार ही करे| रूट नॉट निमाटोड (जड़ गॉठ कृमि) से फसल के बचाव हेतु इस रसायन का प्रयोग प्लांटिंग से पहले करना ज्यादा असरदार होता है। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। आगामी पांच दिनों में मध्यम वर्षा की सम्भावना तथा भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि अभी रसायनों का छिड़काव न करें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।
सोयाबीन	किसान भाई सोयाबीन फसल की निगरानी करते रहे व मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।
गाजर	भावर व घाटी क्षेत्र में, गाजर की बुवाई इस माह कर सकते है। लेकिन भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए, बुवाई अभी रुककर मौसम साफ होने पर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
पालक	भावर व घाटी क्षेत्र में, पालक की बुवाई इस माह मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। लेकिन भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए, बुवाई अभी रुककर मौसम साफ होने पर करें।
ब्रोकोली	किसान भाई भावर क्षेत्रों में, बंद गोभी, गाँठ गोभी व ब्रोकली की बुवाई कर सकते है लेकिन भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए, बुवाई अभी रुककर मौसम साफ होने पर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बछियो का मॉ से दूध छः महीने के बाद ही छुड़वाना चाहिए, ताकि उनका शारीरिक विकास अच्छे तरीके से हो सके। आगामी दिनों में भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए पशुओं, विशेष रूप से नवजात पशुओं को उचित आश्रय प्रदान करें और पौष्टिक आहार दें।
बकरा	भेड़ व बकरियों को टिटनेस टॉक्साइड के 2 टीके एक 4 माह पर, दूसरा 5 माह पर अवश्य लगवायें, जिससे नवजात मेमनों को टिटनेस नामक बीमारी न हों।
भेंस	आगामी दिनों में भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए पशुओं, विशेष रूप से नवजात पशुओं को उचित आश्रय प्रदान करें और पौष्टिक आहार दें।